RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 82 • 07:04:2024 • रविवार • मूल्य : 5/-

## कांग्रेस के मेनिफेस्टो में 5 न्याय और 25 गारंटी

● महिला से बेरोजगार तक सबके लिए किए बड़े वादे ● लोकसभा चुनाव के लिए जारी कर दिया घोषणा पत्र

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने शुक्रवार को 2024 लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में अपना घोषणापत्र जारी किया। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष खड़गे, सोनिया, राहुल और मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष पी. चिदंबरम मौजूद थे। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने शुक्रवार को 48 पेज का घोषणा पत्र जारी किया। दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में सोनिया, राहुल, खड़गे और मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष पी चिदंबरम ने 5 न्याय और 25 गारंटी का ऐलान किया। पार्टी के घोषणा पत्र में मजदूरी 400 रुपए दिन करने, गरीब परिवार की महिला को साल में 1 लाख रुपए देने, एमएसपी को कानून बनाने और जाति जनगणना कराने का जिक्र है। कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में युवा, महिला, मजदूर और किसान पर फोकस किया है। इन सभी वर्गों के लिए अलग-अलग तरह की स्कीम्स का वादा



किया गया है। पार्टी ने कहा है कि उसका घोषणा पत्र वर्क, वेल्थ और वेलफेयर पर आधारित है। यहां वर्क के मायने रोजगार, वेल्थ के मायने आमदनी और वेलफेयर के मायने सरकारी स्कीम्स के फायदे दिलाना है। वन नेशन वन इलेक्शन का विरोध। लोकसभा और विधानसभा चुनाव तय समय पर ही करवाएंगे। मतदान ईवीएम के जरिए होंगे, लेकिन वीवीपैट की पर्ची से मिलान किया जाएगा। 10वीं अनुसूची में संशोधन का वादा। इसके तहत दलबदल करने पर विधानसभा या संसद की सदस्यता खुद समाप्त हो जाएगी। पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां सख्ती से कानून के अनुसार काम करेंगी। हर मामले को संसद या राज्य विधानमंडलों की निगरानी में लाया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा- यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। एक तरफ एनडीए और प्रधानमंत्री मोदी हैं जो संविधान और लोकतंत्र पर आक्रमण कर रहे हैं और दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन है जो संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करता है। कांग्रेस पार्टी ने अपने मेनिफेस्टो में बुजुर्गों को रेलवे में रियायत देने का वादा किया है। कोरोना के बाद से केंद्र सरकार ने इसे लगभग खत्म कर दिया है। देशभर के लिए 25 लाख रुपए तक फ्री इलाज की योजना कुल बजट का 4 फीसदी स्वास्थ्य के लिए देने का वादा किया है।

## एमपी में इंडिया गठबंधन को वोटिंग से पहले तगड़ा झटका

● सपा उम्मीदवार का नामांकन फॉर्म रिजेक्ट, वीडी शर्मा से था मुकाबला



**भोपाल (एजेंसी)।** खजुराहो लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार मीरा यादव का बड़ा झटका लगा है। मीरा यादव के फॉर्म को रिजेक्ट कर दिया गया है। यह सीट कांग्रेस ने गठबंधन के तहत समाजवादी पार्टी को दी थी। इस सीट से बीजेपी ने एमपी बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। वीडी शर्मा 2019 में भी इसी सीट से चुनाव जीते थे। समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी मीरा दीपनारायण यादव ने गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल किया था। शुक्रवार को उनके फॉर्म को रिजेक्ट कर दिया गया है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, खजुराहो लोकसभा सीट से सपा की उम्मीदवार मीरा यादव का फॉर्म रिजेक्ट कर दिया गया है। फॉर्म में हस्ताक्षर नहीं किया गया था इसके साथ ही मतदाता सूची में नाम को लेकर वोटर लिस्ट की प्रमाणित कॉपी संलग्न नहीं की गई थी। नामांकन फॉर्म रिजेक्ट होने के बाद सपा नेता पन्ना कलेक्टर के पास पहुंचे हैं।

## लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक में बीजेपी को मजबूती

● निर्दलीय सांसद सुमलता अंबरीश आईं साथ, किया बीजेपी ज्वाइन

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के मांड्या से निर्दलीय सांसद सुमलता अंबरीश शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं। भाजपा के सीनियर नेता बीएस येदियुरप्पा, कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक, कर्नाटक में चुनाव प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव राधा मोहन दास अग्रवाल और पूर्व मुख्यमंत्री डीवी सदानंद गौड़ा उन लोगों में शामिल थे, जिन्होंने 60 वर्षीय सुमलता का भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पार्टी में स्वागत किया। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कर्नाटक में हुए सीट-बंटवारे के समझौते के तहत भाजपा राज्य की 28 लोकसभा सीट में से 25 पर और जद (एस) मांड्या सहित शेष तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी। मांड्या सीट से पूर्व मुख्यमंत्री एच. डी कुमारस्वामी मैदान में हैं। अभिनेत्री से नेता बनीं सुमलता ने बुधवार को कहा था कि वह आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी और भाजपा में शामिल होंगी।

## चीन की नई चाल से पूरी दुनिया में मची खलबली

● अमरीका समेत दुनियाभर की इंडस्ट्री पर खतरे का साया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी वाला देश चीन इन दिनों आर्थिक मोर्चे पर कई तरह की चुनौतियों का सामना कर रहा है। देश की इकॉनमी की रीढ़ माने जाने वाला



रियल एस्टेट सेक्टर एक तरह से डूब गया है। चीन की जीडीपी में इसकी करीब 30 फीसदी हिस्सेदारी है। रियल एस्टेट के डूबने से पूरी इकॉनमी के डूबने का खतरा पैदा हो गया है। इसकी भरपाई के लिए चीन ने अब दूसरा रास्ता पकड़ लिया है। चीन तेजी से इलेक्ट्रिक गाड़ियां बनाने में काम आने वाले कलपुर्जे और सोलर पैनल बना रहा है। चीन में जितनी डिमांड है, उससे दोगुना ज्यादा उत्पादन किया जा रहा है। अमेरिका समेत पूरी दुनिया के बाजारों में इस माल को खपाया जा रहा है। इसके लिए इंडस्ट्री को भारी सब्सिडी दी जा रही है। चीन की यात्रा पर पहुंची अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने भी चेतावनी दी है कि इंडस्ट्री के लिए बीजिंग की सब्सिडी दुनिया के लिए खतरा पैदा कर सकती है। येलेन एक साल से भी कम समय में दूसरी बार चीन की यात्रा पर आई हैं। गुरुवार को वह चीन के दक्षिणी शहर ग्वांगझू पहुंचीं।

## यूपी के 16 हजार मदरसों से टल गया संकट

● सुप्रीम कोर्ट ने लगा दी एचसी के फैसले पर रोक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश मदरसा एजुकेशन ऐक्ट को रद्द करने वाले इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने मदरसा संचालकों की ओर से दायर अर्जी पर सुनवाई करते हुए यह फैसला दिया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मदरसा ऐक्ट को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि यह असंवैधानिक है और सेकुलरिज्म के खिलाफ है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली तीन जजों की बेंच ने इस मामले में केंद्र सरकार और यूपी सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी इस बेंच में शामिल थे। बेंच ने कहा, मदरसा बोर्ड का उद्देश्य नियामक है। इलाहाबाद हाई कोर्ट का यह कहना पहली नजर में ठीक नहीं है कि मदरसा एजुकेशन बोर्ड का गठन करना सेकुलरिज्म के खिलाफ है। बता दें कि बीते सप्ताह ही इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी सरकार को आदेश दिया था कि वह मदरसे के छात्रों को आम स्कूलों में ट्रांसफर करे और उनका नामांकन कराए। इलाहाबाद हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने कहा था कि सरकार के पास यह पावर नहीं है कि वह धार्मिक शिक्षा के लिए बोर्ड का गठन करे। इसके अलावा सरकार स्कूली शिक्षा के लिए किसी ऐसे बोर्ड का भी गठन नहीं कर सकती, जिसके तहत किसी खास मजहब और उसके मूल्यों की ही शिक्षा दी जाती हो। हाई कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ मदरसा अजीजिया इजाजुतूल उलूम के मैनेजर अंजुम कादरी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इससे पहले 22 मार्च को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने यूपी मदरसा एक्ट 2004 को असंवैधानिक करार देते हुए निरस्त कर दिया था। इसके बाद यूपी में संचालित किए जा रहे करीब 16 हजार मदरसों की मान्यता को योगी सरकार ने खत्म कर दिया था।



## भारतीय सेना का एयर डिफेंस हुआ और मजबूत

आकाशतीर सिस्टम अब करेगा हिफाजत, हांफने लगे दुश्मन

देश भर में आपात हवाई पट्टियों का जाल बिछाने की योजना

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।** भारतीय सेना अपनी ताकत को और ज्यादा बढ़ाने की कोशिशों में लगातार जुटी हुई है। इसी कड़ी में, सेना ने एयर डिफेंस को मजबूत के लिए प्रोजेक्ट आकाशतीर के तहत कंट्रोल एंड रिपोर्टिंग सिस्टम को शामिल करना शुरू कर दिया है। इस सिस्टम की तैनाती गुरुवार को बीईएल गाजियाबाद से कंट्रोल सेंटर्स के पहले बैच को हरी झंडी



दिखाने के साथ शुरू हुई। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की ओर से यह तकनीक विकसित की गई है। इस प्रोजेक्ट का मकसद सेना के वायु रक्षा तंत्र की ऑपरेशन क्षमता को बढ़ाना है। एक सूत्र ने कहा, आकाशतीर प्रोजेक्ट एक अत्याधुनिक पहल है जिससे पूरी प्रक्रिया को डिजिटल बनाने का लक्ष्य है। इसे एयर डिफेंस कंट्रोल एंड रिपोर्टिंग प्रोसेस को ऑटोमेटिक करने के लिए डिजाइन किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, रक्षा मंत्रालय ने बीईएल के साथ इस सिस्टम को डेवलप करने के लिए 1982 करोड़ रुपये का करार किया था। इस एयर डिफेंस सिस्टम में सेंसर और रडार नेटवर्क लगे हुए हैं, जो दुश्मन के विमान को लेकर तुरंत अलर्ट जारी करते हैं।

## उन्हें लगता है कि राम का नाम लिया तो राम-राम न हो जाए

मोदी बोले-कांग्रेस ने राम मंदिर पर एडवाइजरी जारी की, अपने लोगों से मुंह पर ताला लगाने को कहा

**चूरू (एजेंसी)।** राजस्थान के चूरू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते 10 साल में हमने कई काम किए हैं, लेकिन ये बहुत कम है। अभी तक जो मोदी ने किया है, वो तो सिर्फ बड़ी होटलों में मिलने वाला स्टार्टर (एपेटाइजर) है, अभी तो खाने की पूरी थाली बाकी है। उन्होंने तीन तलाक पर कहा कि यह कानून हमारी मुस्लिम बहनों की मदद कर रहा है। वे यह समझें कि यह तीन तलाक आपके जीवन पर तो खतरा था ही, मोदी ने आपकी रक्षा तो की है, लेकिन मोदी ने हर मुस्लिम परिवार की भी रक्षा की है। प्रधानमंत्री ने राममंदिर, भ्रष्टाचार और परिवारवाद पर कांग्रेस व विरोधियों को घेरा। पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने तो राममंदिर पर एडवाइजरी जारी की है। अपने लोगों से मुंह पर ताला लगाने को कहा है। उन्हें लगता है कि भगवान राम पर कुछ बोला तो कहीं राम-राम न हो जाए। चूरू से भाजपा ने पैरालंपियन देवेंद्र झाझड़िया को उतारा है। वहीं, कांग्रेस ने भाजपा छोड़कर हाल ही में पार्टी का दामन थामने वाले राहुल कस्वां को टिकट दिया है। मोदी ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से कहा- मैं सार्वजनिक रूप से आपसे प्रार्थना करता हूं। चुनाव का समय है। सबके अपने काम है।






इनके मन में रहता है कि प्रधानमंत्री आएं और हम नहीं जाएंगे तो कैसा लगेगा। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि आप मेरी चिंता छोड़ दीजिए। मेरे हर कार्यक्रम में वरिष्ठ नेताओं को दौड़ने की जरूरत नहीं है। कोई छोटा कार्यकर्ता भी रहेगा तो चलेगा। मोदी भी छोटा है, उसके बगल में ही बैठ जाएगा। मोदी ने कहा कि आपमें से बहुत कम लोगों को पता है कि देवेंद्र झाझड़िया और मेरा बहुत पुराना नाता है। मैं जब पहली बार उनसे मिला तो उनकी मां की बातें मेरे मन को छू गईं। मुसीबतों से गुजारा करने वाली मां अपने बेटे को देश की सेवा के लिए प्रेरित करती है। देवेंद्र ने भारत का सम्मान बढ़ाया है। देवेंद्र को टिकट देने के पीछे मोदी का मकसद यही था कि गरीब मां के सपने पूरे होने चाहिए। हिंदुस्तान के खेल जगत के बेटे-बेटियों को प्रोत्साहन मिले। इसका प्रतीक देवेंद्र झाझड़िया है। देवेंद्र ने सिर्फ गरीबी से लड़ाई नहीं लड़ी, दुनिया में देश का डंका बजाया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के एक सांसद के घर से 300 करोड़ रुपए मिले हैं और क्या-क्या होगा वो अभी बाकी है। ईडी ने दस साल में भ्रष्टाचारियों से एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति जब्त की है। ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए, ऐसे लोगों की जिंदगी जेल में बीतनी चाहिए। मैं इन परिवारवादियों से कहना चाहता हूं कि कितने भी झूठ फैला हो, मोदी डरने वाला नहीं है। कांग्रेस सिर्फ अपना हित देखती है। ये वही लोग हैं, जिन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर का सम्मान नहीं किया। आपातकाल लगाया।

## अब स्कूली बच्चे नहीं पढ़ेंगे बाबरी ढांचा गिराने की घटना

एनसीईआरटी ने बदला 12वीं का सिलेबस, तीन जगह किए बदलाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के 12वीं क्लास के बच्चे अब राजनीति शास्त्र की किताबों में बाबरी ढांचे के विध्वंस को नहीं पढ़ेंगे। एनसीईआरटी ने किताब में तीन जगह बदलाव का फैसला लिया है, जहां पर 6 दिसंबर 1992 को बाबरी ढांचे के विध्वंस का जिक्र किया गया था। इसकी बजाय राम मंदिर आंदोलन को विस्तार से पढ़ाया जाएगा। इसके अलावा किन आधारों पर सुप्रीम कोर्ट ने राम मंदिर को लेकर फैसला दिया था, यह भी पढ़ाया जाएगा। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक अगले महीने यानी मई से जो नई किताब आएगी, उसमें यह बदलाव दिखेंगे। एनसीईआरटी ने अकादमिक वर्ष 2024-25 के लिए ये बदलाव किए हैं। सीबीएसई बोर्ड को इसकी जानकारी दी गई है। केंद्र सरकार को स्कूली शिक्षा पर सलाह देने वाली और सिलेबस तैयार करने वाली संस्था एनसीईआरटी समय-समय पर किताबों में बदलाव भी करती रहती है। हर साल करीब 4 करोड़ छात्र एनसीईआरटी की स्कूली किताबें पढ़ते हैं। एनसीईआरटी ने चैप्टर 8 में यह बदलाव किया है, जिसका शीर्षक है- भारत में आजादी के बाद राजनीति। राजनीति शास्त्र की किताबों में इस चैप्टर को 2006-07 से शामिल किया गया है। इसमें भारत की राजनीति की उन 5 अहम घटनाओं का जिक्र किया गया है, जो आजादी के बाद घटित हुईं।



## कश्मीर में जमीन खरीदने वाला पहला राज्य बना महाराष्ट्र

● पर्यटकों के लिए बनेगा गेस्ट हॉउस और घूमने के लिए रुक सकेंगे लोग

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में 2.5 एकड़ जमीन खरीदने वाला है, ऐसा करने वाला यह पहला राज्य है। यहां पर्यटकों के लिए गेस्ट हाउस और राज्य भवन बनेगा, जिस पर लगने वाली लागत 18.16 करोड़ है। महाराष्ट्र सरकार यह जमीन श्रीनगर के बाहरी इलाके श्रीनगर के बाहरी इलाके बडगाम में खरीदेगी। महाराष्ट्र अपने पर्यटकों के लिए पर्यटक सुविधा का लक्ष्य के रखकर जम्मू और कश्मीर में जमीन खरीद कर इतिहास रचने के लिए तैयार है। यह पहल, पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने का एक प्रयास है। जमीन खरीदने की यह प्रक्रिया पिछले वर्ष जून में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की केंद्र प्रदेश की यात्रा के बाद शुरू हुई थी, जहां उन्होंने राज्यपाल मनोज सिन्हा के साथ चर्चा की थी। आर्टिकल 370 के निरस्त होने से पहले, पूर्व राज्य में जमीन खरीदना केवल जम्मू और कश्मीर के स्थायी निवासियों तक ही सीमित था। लेकिन, सरकार के पास बिजनेस इंडस्ट्री और सामान्य व्यक्तियों को 99 साल के टाइम पीरियड तक के लिए जमीन लीज पर देने का अधिकार था। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने अपने बजट स्पीच में श्रीनगर और अयोध्या में दो महाराष्ट्र भवन बनने की प्लानिंग शेयर की थी।

## लोकसभा चुनाव से पहले 'द केरल स्टोरी' अब पर गरमाई राजनीति

सीएम पिनराई विजयन ने दूरदर्शन पर दिखाने से की रोक की मांग

**तिरुअनंतपुरम (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले बॉलीवुड फिल्म द केरल स्टोरी को लेकर राजनीति एक बार फिर से गरमा गई है। केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने इसे दूरदर्शन पर प्रसारित करने से रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, दूरदर्शन की ओर से ध्रुवीकरण को बढ़ावा करने वाली फिल्म द केरल स्टोरी को प्रसारित करने का निर्णय बेहद निंदनीय है। राष्ट्रीय समाचार प्रसारक को भाजपा-आरएसएस की प्रचार मशीन नहीं बनना चाहिए और इस फिल्म की स्क्रीनिंग नहीं करनी चाहिए। जो केवल आम चुनाव से पहले सांप्रदायिक तनाव को बढाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि केरल नफरत फैलाने के ऐसे दुर्भावनापूर्ण प्रयासों का दृढ़ता से विरोध करता रहेगा। केंद्रीय मंत्री वी. मुरलीधरन ने इसे लेकर केरल के सीएम पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा, द केरल स्टोरी एक ऐसी फिल्म है जिसे सेंसर बोर्ड ने अनुमति दी है। वामपंथी हमेशा से कहते रहे हैं कि हम अभिव्यक्ति की आजादी के पक्ष में हैं। ऐसे में मुझे समझ नहीं आता कि जब ऐसी फिल्म प्रसारित हो रही है तो उन्हें चिंता क्यों हो रही है। उन्होंने कहा कि वामपंथी को बेतुके आरोप लगाने के लिए जाना जाता है। मालूम हो कि दूरदर्शन ने 5 अप्रैल को रात 8 बजे फिल्म द केरल स्टोरी को टेलीकास्ट करने का फैसला किया है।





## संक्षिप्त समाचार

### फेसबुक पर गलत पोस्ट डालने पर युवक अरेस्ट, पहले भी 6 को पुलिस कर चुकी है गिरफ्तार



**मुज़फ़्फ़रपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में लोकसभा चुनाव को लेकर सोशल मीडिया पर निगरानी बढ़ा दी गई है। जहां सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भड़काऊ और समाज में तनाव फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर एक धर्म विशेष के खिलाफ गलत टिप्पणी करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में कुढ़नी पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले को कुढ़नी पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक की पहचान रमेश साहनी के रूप में हुई है। जो कुढ़नी थाना क्षेत्र के बिशनपुर धनराज का रहने वाला है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मुजफ्फरपुर में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार पुलिस की विशेष टीम नजर रख रही है। इससे पहले भी जिले में आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में पूर्व में 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की गई थी। इसके बाद इस तरह के मामले में मुजफ्फरपुर पुलिस की यह दूसरी बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।

### पति के साथ गुप्ताधाम जा रही महिला की मौत

**सासाराम (रोहतास), एजेंसी।** रोहतास के चेनारी थाना क्षेत्र में दुर्गावती जलाशय के पास बाइक से गिरी महिला की मौत शुक्रवार रात इलाज के दौरान हो गई। महिला बाइक पर अपने पति के साथ गुप्ताधाम जा रही थी। इसी दौरान वह बाइक से गिर गई, जिससे उसके सर में गंभीर चोट लग गई। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दंपती उत्तर प्रदेश के चंदौली से गुप्ताधाम जा रहे थे। मृतका राधेश्याम के पत्नी गुलाबी देवी बताई जाती है, जो चंदौली के नवही के रहने वाले हैं। सदर अस्पताल में पति राधेश्याम ने बताया कि कल देर शाम वो अपनी पत्नी के साथ बाइक से गुप्ताधाम जारहे थे। करमचंट बांध से थोड़ी देर पहले अचानक एक ब्रेकर पर बाइक से पत्नी गिर गई और घायल हो गई। लोगों से अनुरोध कर किसी तरह पत्नी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चेनारी ले आया। जहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद चिंताजनक स्थिति में बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर किया गया।सदर अस्पताल सासाराम में पहुंचने पर चिकित्सक मृत घोषित कर दिया। बताया कि पत्नी के सर में गंभीर चोट लगने के कारण मौत् हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराकर अगली कार्रवाई जारी रखी है।

### दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट, एक दर्जन घायल

**किशनगंज , एजेंसी।** किशनगंज के ठाकुरगंज प्रखंड के पथरिया गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडा के



साथ जमकर पत्थर बाजी हुआ। जिसमें दोनों पक्ष के लोग लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गया। वहीं दो की हालत गंभीर होने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्साओं ने सदर अस्पताल रेफर किया। मिली जानकारी के अनुसार पथरिया गांव के वार्ड नंबर 5 का मामला अपनी पुश्तैनी जमीन को लेकर मो. महबूब आलम, और रफीक आलम के बीच जमकर मारपीट हुई। वहीं इसकी सूचना गलगलिया थाना अध्यक्ष राहुल कुमार को दी गई। मामले को गंभीरता से लेते थाना अध्यक्ष राहुल कुमार ने दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। जहां तत्काल सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरगंज उपचार के लिए भेजा। इस जमीनी विवाद में मो. मंजूर, रुस्तम, मो. अकबर हुसैन, नाजिम, नूरशाद, कुमराह फज्जू, आमीर, राबिया बेगम मैजून निशा, रफीक आलम, करीम, अंसार इस विवाद में घायल हो गए। घायलों की सूची में करीम पिता कमाल अंसार, पिता कमाल की गंभीर अवस्था को देखते किशनगंज सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

## मार्केट से गायब हैं सीबीएसई और एनसीईआरटी की बुक

# पटना में 25 करोड़ की नकली किताबें बरामद 5 प्रिंटिंग प्रेस पर भारती भवन की शिकायत पर रेड



**पटना, एजेंसी।** पटना में भारी मात्रा में नकली किताबें बरामद हुई हैं। यह कार्रवाई भारती भवन के शिकायत पर की गई थी। जब पुलिस ने प्रिंटिंग प्रेसों पर छापा मारा तो वहां अलग अलग ब्रांड की नकली किताबें मिली। इनमें से सब से ज्यादा सरकारी यानी सीबीएससी और एनसीईआरटी के किताबें सब से अधिक थी। ये सभी किताबें दो दिन में बाजार में निकाल दी जाती। ये सभी किताबें क्लास 6 से क्लास 8 तक की हैं। बताया जाता है कि 25 करोड़ की कुल नकली किताबें बरामद की गई हैं। पुलिस ने सभी प्रिंटिंग को फिलहाल अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक पटना में इससे ज्यादा नकली किताबें एक साथ नहीं बरामद की गई है। पुलिस ने इसके मुख्य सरगना राकेश कुमार को भी गिरफ्तार किया है।

भारती भवन के एक अधिकारी ने बताया कि एक साल से ऐसी शिकायत आ रही थी कि भारती भवन ने प्रकाशन की क्वालिटी खराब हो रही है। जिसके बाद इसकी जांच कराई गई। तो पाया गया कि भारती भवन की पटना में बिकने वाले में 40 प्रतिशत किताबें नकली हैं। जिसके बाद एक टीम बना कर इसके जड़ तक पहुंचने के काम शुरू किया गया। टीम को पटना के रामाकृष्णा नगर थाना इलाके में 3 और बायपास थाना क्षेत्र में दो प्रिंट प्रेस और गोडाउन का पता चला जहां सिर्फ बड़े बड़े ब्रांड्स के का नाम दे कर नकली किताबें छापी जाती हैं।

### 25 करोड़ की नकली किताब बरामद

भारती भवन ने इसकी सूचना सिटी एसपी पूर्वी भरत सोनी को दी। सिटी एसपी ने सत्यकाम एसडीपीओ 2 सदर पटना और गौरव कुमार एसडीपीओ 2 पटना सिटी को दोनों संबंधित थाना प्रभारियों के साथ छापेमारी का आदेश दिया। जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर लगभग 25 करोड़ के नकली किताबें बरामद की हैं। जिसके बाद रामकृष्णा नगर थाना और बायपास थाना में मामला दर्ज किया गया है।

### छाप रहे थे कई ब्रांड्स की नकली किताबें

भारती भवन की शिकायत पर पटना के 5 प्रिंटिंग प्रेस पर छापेमारी की गई। इस प्रेसों में सीबीएससी और एनसीईआरटी, भारती भवन, एस चांद, राजकमल समेत लगभग एक दर्जन प्रकाशन की किताबें छप रहीं थीं।

इस प्रिंटिंग प्रेस में प्रिंटिंग मशीन बाइंडिंग मशीन लेबलर कटर के साथ साथ गोडाउन भी थे। इन पांचों में से 3 में तो सिर्फ एनसीईआरटी और सीबीएसई की ही नकली किताबें हीं छापी जा रही थी। जबकि ये दोनों प्रकाशन सरकारी हैं। 25 करोड़ के नकली किताबों में लगभग 20 करोड़ की किताबें एनसीईआरटी और सीबीएसई का ही था। भारती प्रकाशन के 4 करोड़ और बाकी की सब मिला कर लगभग 2 करोड़ की निकली किताबें थी। राकेश पर 2020 में भी रेड पड़ चूका है। उस समय राकेश के 6 ठिकानों से लगभग 9 करोड़ के नकली किताबें बरामद हुई थी। राकेश जेल भी गया। 6 महीने के बाद बेल पर बाहर आ गया। अभी भी वो केस कोर्ट में चल रहा है। राकेश ने जेल से बाहर आने के बाद फिर से यहीं धंधा शुरू कर दिया।

### मार्केट से गायब हैं सीबीएसई और एनसीईआरटी की किताबें

पटना में सब से ज्यादा सीबीएसई और एनसीईआरटी की किताबें पढ़ाई जाती है, लिहाजन इनकी किताबें भी बहुत बिकती हैं। अभी लगभग स्कूलों में पढ़ाई शुरू हो गई है या होने वाली है। पटना में इन प्रकाशनों के किताबों की मांग भी बहुत है। लेकिन के दुकानों में कक्षा 6 से कक्षा 8 की किताबें नहीं मिल रही है। अभिभावकों जगह जगह चक्कर लगा रहें हैं। इस समय अगर बाजार में नकली किताबें आ जाती तो सारी किताबें हाथों हाथ बिक जाती। सीबीएसई से मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में एनसीईआरटी किताब न चला कर निजी प्रकाशकों की किताबें अधिक दामों में बेची जा रही हैं। अभिभावकों को निजी प्रकाशक महंगी किताबें तो खरीदनी पड़ ही रही है। एनसीईआरटी की पुस्तक भी महंगे कीमत में मिल रही है। कक्षा छह से आठ तक में एनसीईआरटी की हिंदी, गणित, विज्ञान, सोशल साइंस, अंग्रेजी की पुस्तकें मार्केट से गायब हैं।



## पानी भरे गड्ढे में डूबने से मासूम की मौत

**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** वैशाली के महनार थाना क्षेत्र के लावापुर नारायण पंचायत स्थित चिमनी भट्ठा पर पानी भरे गड्ढे में डूबने से एक 3 साल की बच्ची की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। इधर, घटना की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा संबंधित थाने के पुलिस अधिकारी को दी गई। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया है। मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। मृतका बच्ची गया जिले के मजिरगंज थाना क्षेत्र के जमुआमा बेलदारी गांव निवासी अरविंद चौहान की बेटी करुणा कुमारी बताई गई है। उसके मां-पिता सहित पूरे परिवार के साथ चिमनी पर काम कर परिवार भरण पोषण कर रहा है। इसी बिच पिंकी चिमनी भट्ठा पर पानी से भरे गड्ढे में करुणा कुमारी खेलते खेलते गिर गई। घटना को किसी ने नहीं देखा और उसकी डूबने से मौत हो गई। जब परिजनों ने उसे खोजबीन शुरू किया तो दूर दूर तक दिखाई नहीं दी। जब खोजते खोजते लोग पानी भरे गड्ढे की तरफ गए तो देखा कि मृत अवस्था में बच्ची पड़ी हुई थी। इस संबंध में अरविंद चौहान ने बताया कि खेलने के दौरान पानी भरे गड्ढे में गिर कर उसकी मौत हो गई है। किसी ने नहीं देखा था कब पानी की तरफ चली गई है।

## लालू यादव को चुनाव से पहले बड़ा झटका, 1995 के मामले में मध्यप्रदेश की अदालत ने जारी किया गिरफ्तारी वारंट

**पटना, एजेंसी।** लालू यादव को लोकसभा चुनाव के बीच बड़ा झटका लगा है। ग्वालियर (मध्यप्रदेश) की एमपी-एमएलए कोर्ट ने लालू यादव के खिलाफ स्थायी अरेस्ट वारंट जारी किया है। बता दें कि लालू यादव के हथियारों की तस्करी के एक मामले में आरोपित हैं। इस मामले में कुल 23 लोगों के खिलाफ आरोप लगे हैं। लालू यादव के खिलाफ पहले भी स्थायी वारंट जारी हो चुका है, जिसके बाद उन्हें फरार घोषित कर दिया गया था। हालांकि, उस दौरान इस बात की पुष्टि नहीं सकी थी कि आरोपित लालू प्रसाद यादव बिहार के मुख्यमंत्री हैं या कोई अन्य व्यक्ति। बाद में मामला एमपी-एमएलए कोर्ट पहुंचा और प्रक्रिया के दौरान स्पष्ट हो गया कि आरोपित लालू प्रसाद यादव बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री ही हैं। वहीं, अब उनके खिलाफ स्थायी वारंट जारी किए जाने की प्रक्रिया पूरी की गई। इस वारंट में नामित व्यक्ति को पुलिस 24 घंटे तक थाने में अपनी अभिरक्षा में भी रख सकती है।



### क्या है 1995 का ये मामला?

बता दें कि उत्तर प्रदेश के महोबा स्थित आर्म्स स्टोर के संचालक राजकुमार शर्मा ने हथियार बिक्री का फर्जीवाड़ा किया था, जिसमें ग्वालियर निवासी व प्रकाश आर्म्स स्टोर के संचालक प्रवेश कुमार चतुर्वेदी ने वर्ष 1997 में इंदरगंज थाने में इस बारे में शिकायत दी थी। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर लिया था। कोर्ट में पेश किए गए चालान में कुल 23 आरोपित बनाए गए थे, जिसमें लालू प्रसाद यादव का भी नाम शामिल है। हालांकि, अब तक इस मामले में पुलिस लालू प्रसाद यादव को पकड़ नहीं सकी है। उल्लेखनीय है कि यह फर्जीवाड़ा 1995 से लेकर 1997 तक चलता रहा। इस दौरान दो आरोपितों की मौत हो गई है।

## बेटा के कांग्रेस में शामिल होने पर मंत्री पिता बोले- यह उसका राजनीतिक फैसला

### मैं पूरी निष्ठा से जदयू और नीतीश कुमार के साथ हूँ





**पटना, एजेंसी।** बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित एक कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह की मौजूदगी में सन्नी हजारी ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है. सन्नी हजारी समस्तीपुर में पिछले कई सालों से सक्रिय हैं और पंचायती राज के क्षेत्र में उन्होंने बहुत कुछ किया है.

वह खानपुर प्रखंड प्रमुख भी हैं. कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने के बाद सन्नी हजारी ने कहा कि अगर कांग्रेस हाई कमान उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति दे तब वे समस्तीपुर से कांग्रेस के प्रत्याशी होंगे. शांभवी चौधरी के समस्तीपुर के बाहर का उम्मीदवार होने के बारे में पूछे जाने पर सन्नी हजारी ने कहा कि इसका फैसला जनता करेगी. यह पूछे जाने पर की अपने अपने पिता की विपरीत विचारधारा की पार्टी को ज्वाइन किया है तो इसके लिए क्या उनकी अनुमति ली है सन्नी हजारी ने कहा कि इसके लिए उन्होंने कोई अनुमति नहीं ली. उन्होंने कई उदाहरण दिए जिसमें पिता अलग पार्टी और पुत्र अलग विचारधारा की पार्टी में रहे हैं.

### लोजपा से नहीं मिली टिकट, समस्तीपुर से लड़ना चाहते थे चुनाव

सन्नी हजारी के पिता महेश्वर हजारी चाहते थे कि उनके पुत्र को समस्तीपुर से लोजपा से टिकट मिले और इसके लिए बतौर पिता उन्होंने कोशिशें भी की थी. लेकिन आखिरकार मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी चौधरी ने लोजपा का टिकट हासिल करने में सफलता पाई. इसके बाद से ही सन्नी हजारी नाराज चल रहे थे. उनके समर्थकों ने कहा था कि क्षेत्र में सक्रिय रहे सन्नी को चुनाव मैदान में डट जाना चाहिए. जनता उन्हें भारी मतों से जिताएगी. अब सन्नी ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा है.

### मंत्री महेश्वर हजारी बोले– वे बड़े हो चुके, अपना फैसला खुद करते हैं

उधर इस मामले में पूछे जाने पर बिहार सरकार के आईपीआरडी मंत्री महेश्वर हज़ारी ने कहा कि मेरे पुत्र के राजनीतिक फ़ैसले पर मुझे कुछ नहीं कहना है. मंत्री ने कहा कि वो बड़े हो चुके हैं और अपना फ़ैसला खुद लेना जानते हैं. मैं पूरी निष्ठा से जदयू और नीतीश कुमार के साथ हूँ. मंत्री ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी मिली है और मधेपूरा के चुनाव प्रभारी के रूप में उस जिम्मेदारी को बखूबी निभाऊँगा.

## चमकी बुखार से 4 साल के बच्चे की मौत, एंबुलेंस के लिए भटकते रहे परिजन



**पूर्णिया , एजेंसी।** चमकी बुखार से 4 साल के बच्चे की मौत हो गई। बच्चे को पिछले 10 दिनों से हाई फीवर था। बच्चा अररिया के जोकीहाट का निवासी है। परिजनों का कहना है चमकी आने पर वे बच्चे को अररिया सदर अस्पताल ले गए। मगर वहां सरकारी एंबुलेंस न होने पर बच्चे को बाइक पर बैठाकर अररिया से पूर्णिया निकल पड़े। पूर्णिया मेडिकल कॉलेज पहुंचने से पहले ही बच्चे ने दम तोड़ दिया। बच्चे की पहचान अररिया जिले के जोकीहाट के चकई बस्ती निवासी नरेश मंडल के बेटे विवेक कुमार (4) के रूप में की गई है।

**परिजनों ने सीजनल बुखार समझा था :** घटना को लेकर बच्चे के पिता नरेश मंडल ने कहा शुरुआत में सीजनल बुखार समझकर नजरअंदाज किया। हालांकि बच्चे की तबीयत लगातार बिगड़ती देख चकई बस्ती स्थित घर से जोकीहाट हॉस्पिटल गए। जहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया। बच्चे को अररिया सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया। यहां डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे को कोई साधारण बुखार नहीं। बल्कि ये चमकी बुखार का प्रकोप है। जिससे बच्चे की तबीयत बिगड़ती जा रही है। वहां से भी रेफर कर दिया। करीब घंटे भर सरकारी एंबुलेंस के इंतेजार में इधर-उधर भागते रहे। मगर हॉस्पिटल के स्टाफ टालमटोल करते रहे। अंत में बाइक से जीएमसीएच पूर्णिया के लिए अररिया से निकले। मगर अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्चे की मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**बच्चे का शरीर पूरी तरह से ठंडा पड़ गया था :** डॉक्टरों ने उन्हें बताया कि बच्चे को चमकी बुखार था। बच्चे में कोई एक्टिविटी नहीं थी और बच्चे का शरीर पूरी तरह ठंडा हो गया था। इसका मतलब है बच्चे को जन्म के समय बहुत ज्यादा इन्फेक्शन था। इन्फेक्शन ब्लड के साथ ही ब्रेन में भी घुस गया। जिस वजह से चमकी बुखार आया और बच्चे की मौत हुई है।

## 5 सालों में विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत : अशोक चौधरी

### बिहार के सभी 40 लोकसभा सीट एनडीए के खाते में जाएंगे



**शेखपुरा, एजेंसी।** ग्रामीण कार्य विकास मंत्री अशोक चौधरी लोकसभा चुनाव के दौरान शुक्रवार की रात जिले के शेखपुरा जनसंपर्क अभियान में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने यहां मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि एनडीए गठबंधन द्वारा लोकसभा चुनाव में 400 का आंकड़ा पार करने में कोई बाधा नहीं है। उन्होंने बताया कि बिहार की जनता एनडीए की झोली में 40 सेट डालने को लेकर बेकरार है।

आम मतदाता वोट डालने के साथ-साथ एनडीए के सभी प्रत्याशी को जीताने के लिए प्रचार का कार्य भी कर रही है। लोगों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व पर अटूट विश्वास है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश के लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा है। प्रधानमंत्री ने लोगों को विश्वास दिलाया कि उनके हाथों में देश सुरक्षित है। उनके कार्य पर लोगों को विश्वास है।

प्रधानमंत्री ने पिछले 10 सालों में भारत को विश्व के 5वीं अर्थव्यवस्था बनाया और अब आने वाले 5 सालों में इसे तीसरे स्थान पर पहुंचाएंगे। उन्होंने बताया कि आज देश में हिंदू मुसलमान आदि के साथ मजहब का कोई भी दीवार नहीं है। सभी के मन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति पूर्ण विश्वास है। एक सक्षम प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश लगातार तरक्की के रास्ते पर अग्रसर होते हुए 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प पूरा करेगा। दूसरी ओर मीडिया के प्रश्नों का जवाब देते हुए उन्होंने कांग्रेस पर कड़ा प्रहार किया। बताया कि 70 साल के लंबे कार्यकाल तक कांग्रेस को जाति जनगणना की याद नहीं आई। आज जो कांग्रेस अपने अंतिम सांस ले रही है। तब उसे जाति जनगणना सहित अन्य बातों की याद आ रही है। अभी भी देश के जिन प्रदेश में कांग्रेस के मुख्यमंत्री हैं, उन्होंने जाति जनगणना कराया होता तो यह बात दूसरी थी। जबकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चारों ओर के विरोध को झेलते हुए बिहार में जाति जनगणना कराया है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने की अपील की

इसका लाभ भी अब लोगों को मिलने लगा है। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं सहित अन्य लोगों को नवादा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर और जमुई संसदीय क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी रामविलास लोजपा के अरुण भारती को विजय बनाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने की अपील की।

## संक्षिप्त समाचार


### अनाज व्यापारी हुआ लापता पत्नी ने थाने में आवेदन देकर बरामद करने की लगाई गुहार



**छौराही बेगूसराय।** थाना क्षेत्र के सहुरी पंचायत से सनसनीखेज खबर प्रकाश में आया है जो पुलिस को ससय में डाल दिया है। जानकारी देते उक्त पंचायत अंतर्गत गौरी डीह गांव निवासी स्वर्गीय रामानंद चौधरी की पुत्रवधू अंजली कुमारी ने कहा कि मेरा पति नवीन कुमार चौधरी 30 वर्ष अनाज का कारोबार करते थे अचानक चार अप्रैल 2024 को घर से निकले उसके बाद वापस नहीं आए हैं मैं अपने स्तर से पता लगा लिया किंतु कोई सुराग नहीं मिला कभी मोबाइल खुला रहता है तो कभी बंद रहता है किंतु रिसीव नहीं किया जाता है। उन्होंने बताया की ठाणे लिखित आवेदन देकर अपने पति की बरामद करने की गुहार पुलिस से लगाई है। थाना अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन मिला है हर एक एंगल से पता किया जाएगा जल्द ही बरामद कर लिया जाएगा।

### अचानक आग लगजाने सेदो झोंपड़ीजलकर राख होगी गए

**बीरपुर बेगुसराय।** शुक्रवार को करीब 11:00 बजे दिन मेंअचानक आग लगजाने दो भुसा का घर जल राख हो गई !जानकारी मिलते हीथाना अध्यक्षासंजीव कुमार के नेतृत्व मे दोअग्निशामक दस्ता के साथ घटना स्थल पर पहुंचने! तब तक ग्रामीणों के द्वारा आगपरकाबू पा लिया गया था,आग लपटें इतना तेज था कि झोपड़ी नुमाघर से सटे तार केदो,दो पेड़धू धू कर जलने लगा !स समय पर अग्निशमक दस्ता दल पहुंचकर आग परपूर्णरूपसे काबू पुगलिया घटना जगदर पंचायत केमुरादपुरगांव वार्ड संख्या9 निवासी मो मुस्ताक़,मोहम्मद टीपू नेबताया है कि हम सपरिवार गेहूं काटने बहियार गये थे,घर पहुंचने पर देखा किअचानक मेरा भूसा का घरजिसमें20 मन मूसा और 5 मन गेहूंरखा हुआ था करीब 30000 हजार की संपत्ति जलकर राख हो गई।



### जिंदा कारतूस एवं मास्केट के साथ अधेड़ गिरफ्तार



**छौराही बेगूसराय।** छोराही थाना क्षेत्र के सहुरी पंचायत से एक मस्कट राइफल एवं जिंदा कारतूस के साथ पुलिस के द्वारा छापेमारी के दौरान गिरफ्तार करने की सूचना प्रकाश में आया है। जानकारी देते थाना अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के बरैपुरा गांव निवासी दिनेश यादव को शुक्रवार शाम गुप्त सूचना के आधार पर एक मास्केट राइफल एवं एक जिंदा करतू के साथ गिरफ्तार किया गया है। उक्त गिरफ्तार अभियुक्त को थाना कांड संख्या 15 ऑब्लिक 24 मामला दर्ज कर माननीय न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

### सास -बहू की अर्थी एक साथ निकली, शोकाकुल हुए समाज के लोग

**पहले सास की हुई मृत्यु फिर लगभग 5 घंटे बाद पुतोहु भी चल बसी**

**बरौनी/ बेगूसराय।** बरौनी प्रखंड के परौर गांव के वार्ड संख्या-10के गंगा मालाकार की 72 वर्षीय पत्नी पार्वती देवी की मृत्यु गुरुवार के लगभग शाम के 6:30 बजे हो गई। जो कैंसर से पीरित थी। परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई, और इसी शौक में लगभग 5 घंटे के बाद हार्ट रोग से पीड़ित मृतक की पुत्रवधू 45 वर्षीय रूबी देवी की भी अचानक मौत हो गई। सास बहू की एक ही साथ एक दिन मृत्यु होने पर परिजनों में ही नहीं बल्कि अगल-बगल के लोगों में भी कोहराम मच गया। समाचार सुनते ही राजकुमार मालाकार के घर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लेकिन होनी को कौन डाल सकता है। मुखिया प्रतिनिधि अरविंद राय द्वारा दोनों मृतक के परिवार को अंत्येष्टि के लिए 10000 रुपए आर्थिक मदद भी की। दोनों सास पुतोह की लाश सिमरिया घाट ले जाकर अंतिम संस्कार किया गया।

### पूर्वी सरेया पंचायत में मुफ्त चिकित्सा शिविर का आज आयोजन

**(चाण्क्यभूमि)बेतिया।** रविवार 07 अप्रैल को पूर्वी सरेया पंचायत के वार्ड संख्या 06 स्थित ग्राम कचहरी के प्रांगण में निः शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें "ओम शांति हॉस्पिटल" पहाड़पुर के जाने माने प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. आर.के सिंह के द्वारा मुफ्त इलाज तथा मुफ्त दवा भी दिया जायेगा। किसी भी तरह के दर्द का इलाज करवाने के लिए निराश रोगी आमंत्रित है।जानकारी पंचायत के मुखिया पति चंद्रभूषण पांडेय ने दी।उन्होंने मरीजो को इस अवसर से लाभ उठाने का अनुरोध किया है।

### रक्सौल जंक्शन से 15 बाल मजदूरों को मुक्त कराया गया

**चाणक्य भूमि संवाद सूत्र।** आरपीएफ और जीआरपी के द्वारा मजदूरी कराने अन्य प्रान्त में ले जाये जा रहे पंद्रह बाल मजदूरों को मुक्त कराया गया साथ ही चार ठेकेदारों को भी गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार ठेकेदारों द्वारा इन बच्चों को मजदूरी के लिये रक्सौल-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस से मुंबई ले जाया जा रहा था। स्टेशन पर तैनात रेलवे चाइल्ड हेल्पलाइन के वर्कर राहुल कुमार ने इस मामले में जीआरपी में प्राथमिकी की दर्ज कराई है। गिरफ़्तार ठेकेदार की पहचान सुजय कुमार,सुभाष कुमार यादव, हरिनारायण यादव और मोनालाल कुमार के रूप मे हुई है।

### बेतिया में पत्रकार पर हमला

**चाणक्य भूमि बेतिया।** नगर निगम में अवैध वसूली की खबर कवरेज करने वाले पत्रकार पर जानलेवा हमले की खबर है। इस सम्बंध में पीड़ित पत्रकार मनजीत सहाय द्वारा थाने में आवेदन देकर कथित संवेदक के खिलाफ आवेदन दिया है। इस सम्बंध में पीड़ित पत्रकार ने बताया है कि जब वो अवैध वसूली के खिलाफ खबर बना रहे थे तभी कुछ लोगों द्वारा उन्हें धमकी दी गई। कुछ देर बाद उन लोगों द्वारा स्थानीय चौराहे पर उन पर हमला भी किया गया। पीड़ित द्वारा इस सम्बंध में अपराधियों के विरुद्ध आवेदन भी दिया है।

### पड़ोसी ने किया चार साल की बच्ची से दुष्कर्म

**चाणक्य भूमि।** एक बार फिर मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सीतामढ़ी से सामने आयी है जहां गांव के एक युवक ने 4 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म जैसी घिनौनी घटना को अंजाम दिया है। जैसे ही घटना की सूचना पीड़ित बच्ची के परिजनों ने पुलिस को दी उसके बाद पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए घटना में शामिल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# ईडी ने एनजीटी में दाखिल किया हलफनामा पंकज मिश्रा को बताया किंगपिंन

**एक हज़ार करोड़ से अधिक अवैध खनन की पुष्टि अपने हलफनामा में आलमगीर आलम मंत्री के नाम का भी उल्लेख साथ ही दाहु यादव,कृष्णा साहा,टिंकल भगत,सुनील यादव,भगवान भगत,बच्चु यादव का नाम है शामिल है बीते दिनों प्रदुषण बोर्ड दाखिल कर चुका है पांच सौ पेज में जवाबी हलफनामा**

चाणक्यभूमि संवादसूत्र




जिले के एतिहासिक राजमहल पहाड़ के संरक्षण व संवर्धन हेतु व जिले में संचालित सभी अवैध खनन व स्टोन क्रशर को बंद करने को लेकर जिले के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह पर्यावरण प्रेमी सैयद अरशद नसर द्वारा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल पूर्वी जोन कोलकाता में दायर याचिका संख्या-23/2017 में आखिरकार लंबे इंतजार के बाद प्रर्वतन निदेशालय ईडी के रांची जोन के सहायक निदेशक देव्रत झा ने एनजीटी में शपथ पत्र दाखिल कर ईडी की ओर से जवाब दाखिल कर ही दिया।जिससे पुलिस प्रशासनिक पदाधिकारियों समेत पत्थर कारोबारियों व माफियाओं में हड़कंप मच गया है।ईडी ने हलफनामा में बताया की जिले के बरहरवा थाना में पुर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा व झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के ख़िलाफ़ दर्ज कांड संख्या-85/2020 को इसीआईआर में परिवर्तित करते हुए ईडी ने जांच शुरू की तो जिले में बड़े व्यापक पैमाने पर अवैध खनन व परिवहन को पकड़ा और इस अवैध खनन व परिवहन का किंगपिंन पंकज मिश्रा को बताते हुए राजनीतिक संरक्षण के माध्यम से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से पंकज मिश्रा संचालित करता था और गिरफ्तारी के डर से फरार राजेश यादव उर्फ दाहु यादव,सुनील यादव,बच्चु यादव व अन्य को पंकज मिश्रा का सहयोगी चिन्हित करते हुए इनके द्वारा सड़कों,रेलवे और अंतर्देशीय मालवाहक जहाजों के माध्यम से चोरी किए गए खनिजों के अवैध परिवहन के संचालन की जानकारी ईडी ने एनजीटी को दी है।ईडी ने हलफनामा में बताया कि पंकज मिश्रा स्थानिय अपरधियों का एक मजबूत नेटवर्क तैयार किया था।जिसका इस्तेमाल पंकज मिश्रा भारी लेवी की जबरन वसूली,धमकी देने व अवैध खनन व परिवहन गतिविधियों को संचालित करने में करता था यहाँ तक की स्थानांतरण पदस्थापना पर भी नियंत्रण कायम कर रखा था।ईडी ने आठ जुलाई 2022 को पंकज मिश्रा और उनके सहयोगीयों के परिसरों की तलाशी ली तो पांच करोड़ नगदी जब्त की और पंद्रह करोड़ के बैंक बैलेंस को फ्रीज किया गया।25 जुलाई से लेकर 29 जुलाई 2022 तक ईडी ने कई संबंधित राज्य के अधिकारियों/कर्मचारियों की टीम द्वारा खदानों का संयुक्त सत्यापन और सर्वेक्षण किया गया।संयुक्त

**• ईडी के हलफनामा से मचा कोहराम अगली सुनवाई 13 मई को**

निरीक्षण में विशाल क्षेत्र में फैले अवैध खनन और उनके अवैध परिवहन की पुष्टि हुई.रेलवे, सड़कों और अंतर्देशीय मालवाहक जहाजों के माध्यम से आज तक 1000 करोड रुपए से अधिक का अवैध खनन हो चुका है और जो अभी भी जारी रहने की जानकारी ईडी ने एनजीटी को दी है।अवैध खनन के गतिविधियों के परिणाम स्वरुप भूमि और वन क्षेत्र का अनाच्छादन हुआ है।जिससे पर्यावरणीय और पारिस्थितिक क्षति हुई है।जिसका सटीक मात्रा का पता नहीं चल पाया है.अवैध खनन से मिट्टी का कटाव,मिट्टी का अपवाह,भूमि का बांझपन, जलजमाव,पहाड़ी क्षेत्र का समतल होने की पुष्टि करते हुए ईडी ने इसकी जानकारी एनजीटी को दी है.27 जुलाई 2022 को ईडी ने स्थल जांच में पंकज मिश्रा के द्वारा 3.18 एकड़ क्षेत्र पर व पंकज मिश्रा के सहयोगी कृष्णा कुमार साहा को 12.60 एकड़ क्षेत्र पर व टिंकल भगत को मौजा भुतहा के प्लाट नंबर 76,77 पर अवैध खनन करने की जानकारी एनजीटी को दी है.इसी प्रकार ईडी ने पंकज मिश्रा के एक अन्य सहयोगी भगवान भगत के द्वारा भी 7.8 एकड़ क्षेत्र पर अवैध खनन की जानकारी ईडी ने एनजीटी को दी है।ईडी ने एनजीटी को ये भी जानकारी दी है कि बीते दो वर्षों में बड़ी संख्या में रेलवे रेक से स्टोन चिप्स बिना माईनिंग चालानों के परिवहन किया गया है.ईडी ने एनजीटी को जानकारी देते हुए बताया है कि अवैध खनन गतिविधियों से प्राप्त आय को पंकज मिश्रा अपने सहयोगियों की खातों के माध्यम से सफेद करके बेदाग संपत्ति के रूप में पेश किया गया है।इस मामले में पंकज मिश्रा को सरगना बताते हुए अब तक कुल नौ लोगों को गिरफ्तार करने की जानकारी ईडी ने एनजीटी को दी है।ईडी ने धन संशोधन निवारण अधिनियम 2002 के प्रावधानों के तहत आगे जांच जारी रहने की जानकारी एनजीटी को दी है।ईडी द्वारा एनजीटी में दाखिल हलफनामा से पता चलता है कि अभी कई पत्थर कारोबारी व माफियाओं समेत पुलिस प्रशासनिक पदाधिकारियों सहित कई राजनीतिज्ञ ईडी के राडार पर चल रहे और कभी भी ईडी की गाज किसी पर भी गिर सकती है.ईडी के इस हलफनामा से झारखंड राज्य प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा बीत दिनों एनजीटी में करीब पांच सौ पन्ने में दाखिल जवाबी हलफनामा को भी झुठलाता है।इधर याचिकाकर्ता अरशद नसर ने बताया कि ईडी व झारखंड प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा दाखिल हलफनामा का अध्ययन किया जा रहा है व अध्ययन प्रांत मेरी ओर से एनजीटी में जवाबी हलफनामा दाखिल किया जाएगा।ईडी व झारखंड प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा एनजीटी में दाखिल जवाबी हलफनामा व अरशद द्वारा इसका जवाब दाखिल करने की घोषणा से पुलिस प्रशासनिक पदाधिकारियों समेत पत्थर कारोबारियों माफियाओं समेत कई राजनीतिज्ञों के पसीने छुटने लगे हैं.इस मामले की अगली सुनवाई एनजीटी में 13 मई को होगी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया 45 वां स्थापना दिवस





चाणक्य भूमि। बखरी(बेगूसराय)

नगर परिषद क्षेत्र के शकरपुरा स्थित शक्ति केंद्र पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने भाजपा का ध्वज फहरा कर 45 वां स्थापना दिवस मनाया इस दौरान भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा डा.पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्रो पर फूल माला चढ़ाया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता विनोद कुमार दास उर्फ विनोद राम ने कहा कि भाजपा का गठन आज ही के दिन यानी 06 अप्रैल 1980 को कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया पार्टी के प्रथम अध्यक्ष पूर्व प्रधानमंत्री स्व० अटल बिहारी वाजपेई निर्वाचित हुए थे।आज देश के सभी राजनीतिक दल विचारधारा शून्यता का शिकार है।वहीं भाजपा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, एकात्म मानववाद और पंचनिष्ठाओं की संगत विचारधाराओं के आधार पर संगठन का नियमन कर रही है। ध्येनिष्ठ कार्यकर्ताओं की शक्ति एवं सरकार का सुनियमन सुशासन की गारंटी है। वही नगर अध्यक्ष अमरनाथ पाठक10 साल का केंद्रीय शासन एवं प्रदेशों में भाजपा की सरकारों ने अन्य दलों की सरकारों की तुलना में बहुत अच्छा शासन किया है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे० पी० नड्डा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी विकसित भारत संकल्प के साथ एक सुदृढ़,सशक्त,समृद्ध,समर्थ एवं स्वावलंबी भारत के निर्माण के लिए निरंतर जागृत एवं सक्रिय हैं। किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष साहेब सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह, डा.राम प्रवेश पासवान, कैलाश पोद्दार, रामेश्वर महतो, सूनिल सिंह, विभिषण ठाकुर, मिथिलेश राम, अमरजीत सिंह, गणेश दास सहित आदि मौजूद थे।

### विधालय परिसर में छात्र दीक्षांत समारोह सह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



चाणक्य भूमि। बछवाड़ा ( बेगूसराय )

प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव स्थित 61 प्राथमिक विद्यालयों में विभागीय निर्देशानुसार शनिवार को छात्र छात्रा दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया. दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में विधालय के शिक्षक शिक्षिका,विद्यालय पोषक क्षेत्र के छात्र छात्रा व अभिभावकों ने शिरकत किया । समारोह की अध्यक्षता विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष के द्वारा किया गया । कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा किया गया । समारोह के दौरान शिक्षकों के द्वारा विधालय में अध्ययनरत छात्रों शिक्षण स्थिति व शिक्षण कार्य में होने वाली कठिनाईयों के बारे में अविभावकों को विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही छात्रों के बीच अंक पत्र का वितरण किया गया। साथ ही वर्ग में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरूषकृत किया गया । इसी कड़ी में प्राथमिक विद्यालय हिरायचक में दीक्षांत समारोह के दौरान विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष मनोज चौधरी ने बताया कि वर्ग एक से लेकर वर्ग पांच तक के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित करते हुए मेडल ,कांपी, कलम एवं प्रमाण पत्र देकर पुरुषकृत किया गया । साथ सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए दी गई।

### जनता दरबार मे तेरह मामलो का हुई सुनवाई



चाणक्य भूमि। बीरपुर बेगूसराय

शनिवार को थाना परिषर में पूर्व नियोजित भूमि विवाद से संबंधितमामलो का नपटारा हेतु जनता दरबार लगाया गया! इस संबंध मेंअंचलाधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया है किया पुराना लंबित11मामला और नया दो मामला कुल तेरह मामलो में से एक भी मामलो का निष्पादन नही पाया सभी तेरह मामलों को अगले सुनवाई तक के लिए शुरक्षीत रखा रखा गया !मौके पर थानाके पुअनि मदन कुमार मिश्रा, अंचल के सीआई नवल किशोर बर्मा,राजस्व कर्मचारी राधेश्याम कुमार सहित दर्जनों फरियादी मौजुद थे!

### लाल झंडा के प्रति कामरेड जेपी का समर्पण हमेशा यादगार रहेगा-वामदल16 अप्रैल को होगा श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा

चाणक्य भूमि। बेगुसराय



बेगूसराय !कामरेड जयप्रकाश सिंह (जेपी)का निधन कल 5 अप्रैल को हो गया। हाल के दिनों कुछ समय से असाध्य रोग से पीड़ित थे। उनके निधन की खबर सुनकर भाकपा माले के नेता चन्द्रदेव वर्मा, नवलकिशोर, बैजू सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, भाकपा नेता अनिल अंजान, रामप्रवेश सिंह, हरेराम सिंह, विजय सिंह, देवेन्द्र सिंह, रामसुन्दर सिंह, रमेश सिंह, अनिल सिंह, पूर्व सरपंच शंभू कुमार ई हरिशंकर सिंह माकपा के सुरेश यादव, उचित यादव, तरूण कुमार, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक दशरथ सिंह,जेपी जी के छोटे भाई अशोक सिंह,शिक्षक राजेंद्र सिंह समेत बड़ी तादाद में वामपंथ से जुड़े कार्यकर्त्ता और उनके शुभचिंतक उनके घर रामदीरी नकटी टोल पहुंच पार्थिव शरीर पर लाल झंडा देकर फूल माला अर्पित कर कामरेड जेपी अमर रहे,कामरेड जेपी को लालसलाम के नारों के साथ अलविदा कहा। तथा परिजनों के प्रति सान्त्वना व्यक्त किए।लगभग 77वर्षीय कामरेड जेपी 1967 के छात्र आंदोलन में सक्रिय थे उसी दौरान नक्सलबाड़ी विद्रोह से प्रभावित हो बेगूसराय में भाकपा माले के संस्थापक कामरेड कमलेश्वरी राय उर्फ नेताजी के संपर्क में आये और नूतन पुस्तक भंडार से छात्र-युवाओं की टोली के साथ लाल झंडे को थाम राजनीतिक संघर्ष में शामिल होकर वामपंथ विरोधी विचारों से टकराते रहे। 80 के दशक में जब आईपीएफ बना तब उन्हें संगठन ने बेगूसराय शहर का सचिव बनाए गए। तो उन्होंने सफलतापूर्वक अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह किया। जीवन के अंतिम क्षण तक भाकपा माले और लाल झंडे प्रति उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। भाकपा माले सहित संपूर्ण वामपंथी परिवार उनके निधन पर शोकाकुल है।

# हवन व कलश विसर्जन के साथ ही नौ दिवसीय श्रीराम महायज्ञ का हुआ समापन

चाणक्य भूमि। बछवाड़ा(बेगूसराय)






प्रखंड क्षेत्र के गोविंदपुर तीन पंचायत के समस्तीपुर भीठ स्थित गंगावासी ठाकुरवाड़ी परिसर में चल रहे नौ दिवसीय श्रीराम महायज्ञ हवन व कलश विसर्जन के साथ ही शनिवार को सम्पन्न हो गया। हवन के दौरान विभिन्न ठाकुरवाड़ी के मंहथ समेत सैकड़ों की संख्या में इलाके की कुंवारी कन्याओं व महिला पुरूषो ने भाग लिया। बताते चलें कि फतेहा गीता धाम ठाकुरवाड़ी के मंहथ श्री राम सुमिरन दास जी महराज के नेतृत्व में समसीपुर गांव स्थित गंगावासी ठाकुरवाड़ी के जिर्णोद्धार को लेकर नौ दिवसीय श्रीराम महायज्ञ का आयोजन किया गया था। ग्रामीणों ने बताया कि नौ दशक पुर्व गंगावासी ठाकुरवाड़ी में त्रिभुवन दास जी महराज महंथ हुआ करते थे,लेकिन किसी कारण वंश आठ दशक पुर्व ठाकुरवाड़ी को अन्य लोगों के हाथों बेचकर यहां से चले गये। जिन लोगों ने ठाकुरवाड़ी की जमीन खरीद की उन्होंने गीता धाम ठाकुरवाड़ी के मंहथ श्री राम सुमिरन दास जी महराज के समक्ष ठाकुरवाड़ी की जमीन वापस करने का आग्रह करते हुए रजिस्ट्री की। जिसके बाद ठाकुरवाड़ी के जिर्णोद्धार को लेकर श्रीराम महायज्ञ का आयोजन किया गया। श्रीराम महायज्ञ की समाप्ति के दौरान विभिन्न ठाकुरवाड़ी के मंहथ शिवराम दास जी महराज, बलराम दास जी महराज, दामोदर दास जी महराज, प्रहलाद दास जी महराज,अवध किशोर दास जी महराज, राम नरेश दास जी महराज, राम शरण दास जी महराज , विजय दास जी महराज, गोपाल दास जी महराज मौजूद थे। गीता धाम ठाकरवाड़ी के महंथ ने बताया कि लोक कल्याण व विश्व शांति के लिए यज्ञ हवन किया जाता है। श्रीराम महायज्ञ 28 मार्च को कलश शोभा यात्रा से शुरु हुआ था जो प्रतिदिन रामायण ,श्रीमद भागवत कथा,राम चरित्र मानस,दुर्गा सप्तशती पाठ समेत राम नाम का अखंड पाठ व कीर्तन भजन किया जा रहा था। उन्होने बताया कि शनिवार की सुबह हवन के उपरांत मुख्य कलश विसर्जन किया गया । जिससे यहां कि भूमि शुद्ध हो जाय और इस भूमि पर नव निर्मित ठाकुरवाड़ी का निर्माण किया जा सके। कलश यात्रा के साथ ही नौ दिनों तक लगातार पूजा पाठ करने वाली सभी कुंवारी कन्याओ का पूजन कर खीर का भोग लगाते हुए पूजा पाठ समाप्त किया गया। उन्होने बताया कि इस नौ दिवसीय यज्ञ में समसीपुर, भुथरी, रूपसवाज व गोनुचक के लोगो का महत्वपुर्ण योगदान रहा है। मौके पर आत्माराम महराज, चन्द्र किशोर झा, निरंजन पाण्डेय, शंभूनाथ चौधरी, शुशील कुमार मिश्र, केशव कुमार, देवेन्द्र कुमार राय, दीनानाथ राय, राम उदारथ यादव,ललीत झा, विनोद चौधरी, शंभूनाथ चौधरी, रधुपति राय, फुलटुन राय,हरेराम राय, सुबोध राय, विनोद राय,नंदन कुमार समेत सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

# पार्षद पति पर एक दशक से लगातार उगाही करने का आरोप

*बेतिया की महापौर ने बड़ा खुलासा करते हुये नगर निगम के नाम पर अवैध वसूली का खुलासा किया है हालाँकि पार्षद पति ने आरोपों का खंडन किया है इसी के साथ महापौर ने बाइक स्टैंड के संवेदक विशाल रंजन और मीना बाजार के फुटपाथी दुकानों से वसूली के संवेदक राज रहमान की बंदोबस्ती रद्द करने के लिए आयुक्त ने स्पष्टीकरण मांगा गया है*

चाणक्य भूमि बेतिया



पिछ्ले चार पाँच दिनों से बेतिया नगर निगम में अवैध वसूली करने वालों के विरुद्ध महापौर द्वारा कठोर कदम उठाये गये है हालाँकि ये कदम कितने कारगर होंगे इसका पता तो भविष्य में चलेगा परन्तु वर्तमान मे आरोप प्रत्यारोप के दौर मे इस मुद्दे ने नगर निगम की राजनीति के साथ ही नगरवासियों को चर्चा हेतु विषय भी दे दिया है। हालंकि अवैध वसूली का मामला कोई नया नहीं है और पिछले कई वर्षो से यह होता आया है इस सम्बंध में पहले भी कई ख़बरें आई परंतु महापौर ने इस ओर ध्यान देना उचित नहीं समझा। पिछले वर्ष भी उपमहापौर द्वारा इस विषय पर कई पत्र महापौर और नगर आयुक्त को लिखा परंतु किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। उपमहापौर ने अपने पत्र में बार बार अंकित किया कि संवेदक द्वारा बिना बोर्ड लगाये तय रकम से ज्यादा की वसूली हो रही है परंतु क्या वज़ह रही कि किसी ने भी उपमहापौर के आरोपों पर तनिक भी कारवाई नहीं की। महापौर द्वारा की जा रही कारवाई को हालाँकि देर से ही सही परंतु सही कारवाई की जा रही है। परंतु ऐसा भी माना जाय कि यह कार्यवाही तब हुई है जब छोटी बीमारी नासूर बन गई है। इस बड़ी बीमारी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शुक्रवार को इन ख़बरों का संकलन के दौरान एक पत्रकार की बुरी तरह पिटाई कर दी गई और उसे ईलाज के लिये अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। हालाँकि जिन छोटे दुकानदारों के प्रति महापौर ने अपनी चिन्ता जाहिर करते हुये अवैध वसूली का विरोध और वसूलने वालों पर कड़ी कारवाई करने की शुरुआत की है वो काबिले तारीफ है। परंतु कुछ लोगों का मानना है कि नगर निगम में भ्रस्टाचार इतना ज्यादा है कि यह होना संभव प्रतीत नहीं होता। पुर्व में भी महापौर द्वारा डस्टबीन,पाथ्या आदि मुद्दे उठाये परंतु उसका क्या हुआ यह आज भी जनता के नजरो से दूर है।

# भूमि विवाद के निपटारे को लेकर थाना में लगा जनता दरबार, उमड़ी भीड़



चाण्क्य भूमि(कनकलता),बेतिया

भूमि विवाद के निपटारे के लिए शनिवार को मझौलिया थाना में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में फरियादी जमीन संबंधी विवादों को सुलझाने थाना पहुंचे थे। बिहार सरकार के निर्देश पर सभी थानों में प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार लगाया जाता है। इस दौरान मझौलिया थाना में आयोजित जनता दरबार में कई जमीन विवाद के मामले आए, जिसमें आन द स्पाट दो मामले का निष्पादन किया गया। शेष मामलों में सुनवाई की अगली तिथि शनिवार को दी गई। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र एवं अंचल अधिकारी राजीव रंजन व अंचल निरीक्षक रघुनाथ चौधरी के मौजूदगी में लगाए गए जनता दरबार में थाना क्षेत्र के कई लोग अपनी-अपनी जमीन से संबंधित समस्याओं को लेकर थाना पहुंचे थे। इस दौरान सीओ और थानाध्यक्ष ने बारी-बारी से लोगों की समस्याओं से अवगत हुए और दस्तावेजों की जांच की। इस मौके पर पुअनि मनिंद्र कुमार , डाटा ऑपरेटर अखिलेश कुमार सहित दर्जनों फरियादी जनता दरबार में उपस्थित रहे।

# मुसहरवा हॉल्ट के पास सत्याग्रह एक्सप्रेस में आग लगी




चाणक्य भूमि संवाद सूत्र

आपको बता दें कि रक्सौल से दिल्ली जा रही सत्याग्रह एक्सप्रेस के एक डिब्बे में आग लगने से यात्रीयो के बीच भय का माहौल हो गया परंतु गनीमत यह रही कि समय रहते आग पर काबु पा लिया गया और किसी तरह का नुकसान यात्रीयो को नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार मुसहरवा हॉल्ट के किसी ने सत्याग्रह एक्स्प्रेस के डिब्बे से धूँआ देखा जिसकी सूचना लोको पायलट को दी गई सूचना पर पायलट ने तुरंत गाड़ी को रोकी जिसके बाद यात्रीयो को डिब्बे से बाहर निकाला गया। सूचना के बाद पहुँचे अधिकारियों ने आग पर काबु पाया। और स्थिति को सही पाने के बाद ट्रेन को दिल्ली के लिए रवाना किया।

# गर्मी के साथ ही बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के कार्यकर्ताओं द्वारा की गई सफाई




चाणक्य भूमि बेतिया

गर्मी की शुरुआत के साथ ही बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन शाखा बेतिया के कार्यकर्ताओं द्वारा सम्मेलन द्वारा स्थापित नगर के सभी स्थाई प्याऊ की साफ सफाई करायी गयी। आपको बता दें कि बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन शाखा बेतिया द्वारा लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूरे नगर में कई स्थायी प्याऊ का निर्माण कराया गया है जो लोगों को गर्मी में शीतल जल उपलब्ध कराते है।

# वाहन जांच के दौरान चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार



चाणक्यभूमि बेतिया

हरिवाटिका चौक पर वाहन जांच के दौरान एक युवक पुलिस को देख भागने लगा जिससे वहाँ वाहन जाँच कर रहे पुलिस कर्मियों को शक हुआ जिसके बाद जवानों ने खदेड़ कर उस युवक को पकड़ लिया जिसके बाद उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से बैग में दस पैकेट चरस बरामद हुआ। गिरफ्तार अपराधी की पहचान बलथर थाना क्षेत्र के भौरा गांव निवासी लड्डू कुमार के रूप मे हुई है। गिरफ्तार अपराधी ने पूछताछ में बताया कि चरस नेपाल से लेकर आया है। पुलिस ने जप्त पदार्थ के नमूने को जाँच के लिये भेज दिया है।

# बसंतटोला में छापेमारी कर यूएसए में बनी पिस्टल के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

चाणक्य भूमि बेतिया



शुक्रवार की रात गुप्त सूचना के आधर पर कार्यवाही करते हुये एक कार पर सवार अपराधियों के पास से यूएसए में बनी पिस्टल मैगजीन और कारतूस को जप्त किया। इस सम्बंध में सदर एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि शुक्रवार की रात थानाध्यक्ष नरेश कुमार को सूचना मिली थी कि काले रंग के कार पर सवार होकर कुछ व्यक्ति जोकहा में हवाई फायरिंग कर रहे है। सूचना पर थानाध्यक्ष अपने सहयोगियों के साथ गाड़ी को रोकने की कोशिश करने लगे तो अपराधी भागने लगे। जिसके बाद पुलिस ने इनको पीछा कर पकडा। पकड़े गये लोगों की पहचान जोकहा निवासी पप्पू मिश्र और भरपटिया मुसहरी टोला निवासी मुस्लिम अंसारी के रूप हुई है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर अग्रसर कारवाई में जुट गई है। देखना यह है कि पुलिस यूएसए निर्मित पिस्टल के सप्लायर्स तक पहुँच पाती है या नहीं।

# मैनाटांड़ का उप डाक घर जर्जर भवन सुविधाओं का अभाव

चाणक्य भूमि मैनाटांड़



**मैनाटांड़** प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित डाकघर को सहेजने के लिए केंद्र सरकार लगातार काम कर रही है। लेकिन सरकार के तमाम प्रयास के बावजूद प्रखंड मुख्यालय स्थित उप-डाकघर सरकारी उपेक्षा का शिकार हो रहा है। सरकार जहां हर डाकघर को इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक बनाने के लिए कवायद कर रही है। वहीं यह उप-डाकघर में अपनी अवस्था पर रो रहा है। बताते चले कि एक ही भवन है जो जर्जर स्थिति में है। मालूम हो कि एक ही कमरे में उप डाकघर का कार्यालय और स्टोर का कार्य होता है। इस उप डाकघर में न तो शौचालय की व्यवस्था और न ही बैठने के लिए जगह और शेड है। ऐसे में यहां आने वाले खाताधारी के लिए हर दिन परेशानी उठानी पड़ती है। गर्मी के दिनों में तो बाहर तक लाइन लग जाती है। खासकर महिला खाताधारी को धूप में ही खड़ा होना पड़ता है।

# "संकट कटे मिटे सब पीड़ा, जो सुमरत हनुमत बलबीरा", हनुमान आराधना के आध्यत्मिक उत्सव में उमड़ी भीड़

चाण्क्य भूमि (कनकलता)



**बेतिया**। शनिवार को चैत्र कृष्ण त्रयोदशी के अवसर पर चनपटिया के पोखरिया राय में अधिवक्ता बृजेश कुमार श्रीवास्तव के आवास पर हनुमान आराधना का आयोजन किया गया।हनुमान आराधना में श्रद्धालु लोगों की भीड़ उमड़ी। लालसरैया से पधारे आचार्य धर्मेन्द्र पांडेय के वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण गुंजयमान रहा।श्री राम चरित मानस मंडल लालसरैया की आराधना टीम ने सुंदर कांड का पाठ किया।व्यास द्वारा गाये भजन "श्री राम जानकी बैठे है मेरे सीने में" पर खूब तालियों की गड़गड़ाहट हुई।उन्होंने कहा कि हनुमान जी महाराज सबका कल्याण करते है।उन्होंने कहा कि जो सही दिल से हनुमान की आराधना करते है वे भवसागर से पार होते है।उन्होंने इस अवसर एक भजन हनुमान की कृपा से सब काम हो रहा है को खूब सराहा गया।आराधना मंडली में सोनू पांडेय,मनीष पांडेय,बदरी यादव कुंदन कुमार आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।इस अवसर पर एक भंडारा का आयोजन किया गया।इस अवसर पर जितेश कुमार श्रीवास्तव,सोनी देवी,सर्वेश कुमार,मुकेश कुमार,आदेश कुमार समेत मोतिहारी से पधारी शिक्षिका बिभा श्रीवास्तव,निशा श्रीवास्तव,मनीषा कुमारी,सोनी कुमारी,एस पी श्रीवास्तव समेत गणमान्य लोगों की भागीदारी रही।बेतिया सिविल कोर्ट से भी कई गणमान्य लोग इस आध्यत्मिक उत्सव के साक्षी बने।


































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित । किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714